# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 8) (गति)

(कक्षा – 9)

## पेज 118

**प्रश्न 1:**

किसी वस्तु के एकसमान व असमान गति के लिए समय-दूरी ग्राफ़ की प्रकृति क्या होती है?

**उत्तर 1:**

किसी वस्तु की एक समान गति के लिए समय-दूरी ग्राफ एक सीधी रेखा होती है जबकि वस्तु की असमान गति को दर्शाने वाला दूरी-समय ग्राफ एक वक्र रेखा (सरल रेखा नहीं) होती है।

**प्रश्न 2:**

किसी वस्तु की गति के विषय में आप क्या कह सकते हैं, जिसका दूरी-समय ग्राफ़ समय अक्ष के समानांतर एक सरल रेखा है?

**उत्तर 2:**

जिस वस्तु का दूरी-समय ग्राफ़ समय अक्ष के समानांतर एक सरल रेखा है, उसकी गति शून्य है। अर्थात वस्तु एक ही स्थान पर रुकी हुई है।

**प्रश्न 3:**

किसी वस्तु की गति के विषय में आप क्या कह सकते हैं, जिसका चाल-समय ग्राफ समय अक्ष के समानांतर एक सरल रेखा है?

**उत्तर 3:**

जिस वस्तु का चाल-समय ग्राफ़ समय अक्ष के समानांतर एक सरल रेखा है, उसका त्वरण शून्य है। अर्थात वस्तु एक नियत चाल से चल रही है।

**प्रश्न 4:**

वेग-समय ग्राफ़ के नीचे के क्षेत्र से मापी गई राशि क्या होती है?

**उत्तर 4:**

वेग-समय ग्राफ़ के नीचे के क्षेत्र से मापी गई राशि, वस्तु द्वारा तय दूरी होती है।